# सर्वसमाज के हितैषी, संघर्षशील व्यक्तित्व के धनी थे डॉ. अंबेडकर : मान सिंह गुर्जर

**गंगापुर सिटी।** भारतीय जनता पार्टी एवं बेल्फेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में देश के संविधान निर्माता कानून भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति अनावरण एवं जीवन परिचय विचार गोष्ठी का आयोजन जयपुर बाईपास नगर परिषद द्वारा निर्मित डॉक्टर अंबेडकर भवन में किया गया।

विचार गोष्ठी एवं मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, विशिष्ट अतिथि के रुप में प्रधान मंजू गुर्जर, पूर्व प्रधान कन्यालाल बैरवा, वजीरपुर नगर पालिका अध्यक्ष मुकेश बैरवा एवं शिक्षाविद कुहू इंटरनेशनल विद्यालय निदेशक डॉ.हेमंत शर्मा, पार्षद गोविन्द पाराशर, भवानी गुर्जर, रवि गोठवाल, महेश कटारिया, रामबाबू शर्मा, गोपाल धामोनिया रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपरिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल ने की। कार्यक्रम की अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने कहा कि बाबासाहेब डॉ अम्बेडकर ने अपने जीवन में संपूर्ण देश को विश्व का सबसे बडा लिखित संविधान निर्माण के समय अपना अतुलनीय योगदान प्रदान किया। सर्वसमाज के हितों को ध्यान में रखते हुए मूल अधिकार, कर्तव्य और कानूनों का समावेश किया। उनका अपने जीवन में संघर्ष और बलिदान को ध्यान में रखते हुए देश के प्रधानमंत्री द्वारा संसद भवन में उनकी मूर्ति को स्थापित कर उनका सम्मान करने का कार्य किया। इसी के साथ जिलाध्यक्ष गुर्जर द्वारा अंबेडकर भवन प्रांगण में आगामी समय में प्रदेश सरकार द्वारा आवंटित बजट के माध्यम से नगर परिषद के सानिध्य में अधिक विकास कार्यों को अंजाम देने का वायदा किया गया। इस अवसर पर सभापति शिवरतन अग्रवाल, शिक्षाविद डॉ.हेमंत शर्मा, प्रधान मंजू गुर्जर, वजीरपुर नगरपालिका अध्यक्ष मुकेश बेरवा द्वारा भी डॉ अम्बेडकर की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर बाबूलाल वर्मा, डॉ.बृजलाल, मनसुख, सुग्रीव सहित अनेक भामाशाहों द्वारा मूर्ति अनावरण में आर्थिक सहयोग हेतु मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा धन्यवाद और आभार प्रकट किया गया।

## 300 से अधिक बेरोजगारों को मिला रोजगार

**हिंडौन सिटी।** राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड ने युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को साकार करने के लिए महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास, महवा में एक विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया। इस मेले में 300 से अधिक बेरोजगार युवाओं ने रोजगार के लिए आवेदन किया, जिसमें अनपढ़ से लेकर उच्च डिप्लोमा और डिग्री धारक शामिल थे। मेले में 10 प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि बाबूलाल सैनी, उपाध्यक्ष, माली सैनी महासभा राजस्थान प्रदेश, और अध्यक्षता कर रहे रूप सिंह सैनी, गहनौली, द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड के संस्थापक समिति के अध्यक्ष एडवोकेट पुष्पेंद्र कुमार सैनी ने बताया कि यह आयोजन युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सैनी, संगठन मंत्री मनीष सैनी, सचिव बबलू सैनी, चतर सिंह सैनी, सलाहकार मानसिंह सैनी, पूर्व अध्यक्ष कमल सैनी, रामस्वरूप सैनी, तरुण सैनी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। मेले को लेकर युवाओं में उत्साह देखा गया, और आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को जारी रखने का संकल्प लिया।

## कार्यकारिणी का विस्तार

**गंगापुर सिटी।** जिला अग्रवाल समाज संघ सवाई माधोपुर जिलाध्यक्ष गोविंद प्रसाद बरनाला की सहमति से जिला महामंत्री गोविंद नारायण गोयल द्वारा जिला अग्रवाल समाज सवाई माधोपुर कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए अग्रवाल समाज के बंधुओ को जिला पदाधिकारी तहसील अध्यक्ष व सदस्य नियुक्त किया है। जिला प्रचार प्रसार मंत्री वेद प्रकाश मंगल ने बताया कि संरक्षक मंडल में दुलीचंद जैन, ओम अग्रवाल ओटीसी, सवाई माधोपुर सीताराम गुप्ता ऑडिटर, ताराचंद मंगल बौली, अशोक गोयल मित्रपुरा, अशोक गुप्ता पूर्व लेखाधिकारी, सत्यनारायण गर्ग शिशोलाव को शामिल किया। इसी प्रकार जिला उपाध्यक्ष पद पर सत्यनारायण गुप्ता बहरावंडा खुर्द, नरेंद्र जैन चौथ का बरवाडा को नियुक्त किया गया है। बौली, मलारना डूंगर तहसील अध्यक्ष रामजी लाल खिरनी, उपाध्यक्ष बजरंग लाल पीपल्दा, महामंत्री चंद्र प्रकाश सिंघल बौली, बामनवास तहसील अध्यक्ष गिरिराज गुप्ता पिपलाई, उपाध्यक्ष गोविंद मित्तल, महामंत्री पुनीत गर्ग बाटोदा, गंगापुर वजीरपुर तहसील अध्यक्ष श्याम सुंदर गर्ग, वजीरपुर उपाध्यक्ष शिवदयाल सैंगरपुरा, महामंत्री चतुर्भुज गुप्ता वजीरपुर, खंडार तहसील अध्यक्ष सत्यनारायण जिंदल बालेर को नियुक्त किया एवं जिला कार्यकारिणी में कमलेश गर्ग छान, बलराम गोयल फलोदी, गोविंद सिंघल, रमेश चंद सिंघल हाउसिंग बोर्ड, नरेंद्र गोयल झंडे वाले, हरिप्रसाद गुप्ता रिटायर्ड एक्सीएन, संतोष गुप्ता डूंगरी वाले, दामोदर बिंदल मित्रपुरा आदि की नियुक्ति की गई है।

## जरूरतमंद बच्चों के बीच मनाया जन्मदिन

**भरतपुर।** विजय नगर कॉलोनी निकट हीरा दास स्थित फाउंडर दिगंबर सिंह द्वारा जरूरतमंद बच्चों के लिए संचालित नि:शुल्क बाल पाठशाला जिसमे डॉ सुरेश यादव के सुपुत्र डॉ रोहित सिंह एवं डॉ प्रीति सिंह द्वारा अपनी बेटी का जन्मदिन बाल भरतपुर। विजय नगर कॉलोनी निकट हीरा दास स्थित फाउंडर दिगंबर सिंह द्वारा जरूरतमंद बच्चों के लिए संचालित नि:शुल्क बाल पाठशाला जिसमे डॉ सुरेश यादव के सुपुत्र डॉ रोहित सिंह एवं डॉ प्रीति सिंह द्वारा अपनी बेटी का जन्मदिन जरूरतमंद बच्चों के बीच मनाया। डॉ प्रीति सिंह ने बच्चों से सवाल जवाब किये और बच्चों ने संतुष्ट पूर्वक सही जवाब दिए तथा डॉ. प्रीति सिंह बच्चों से बहुत प्रसन्न होती हुई दिखाई दीं। बेटी के जन्म दिवस के अवसर पर बच्चों के लिए पाठ्य सामठी, चॉकलेट, फ्रूटी आदि वितरण कर सेलिब्रेट किया। डॉक्टर दंपति पाठशाला के मैनेजमेंट एवं बच्चों द्वारा शालीनता और अनुशासन से अत्यंत प्रसन्न हुए पाठशाला के लिए स्थाई जमीन हेतु 5100 अनुदान किया और आगे पाठशाला में सहयोग करने के लिए आश्वासन दिया। समिति अध्यक्ष वीरपाल सिंह और संरक्षक प्रेम सिंह अध्यापक ने सभी का धन्यवाद प्रकट किया। इस अवसर पर संदीप कुमार, सौरव कुमार, दीक्षा कुमारी, पूनम कुमारी आदि उपस्थित रहे। पाठशाला में पढ़ने वाले जरूरतमंद बच्चों के बीच मनाया। डॉ प्रीति सिंह ने बच्चों से सवाल जवाब किये और बच्चों ने संतुष्ट पूर्वक सही जवाब दिए तथा डॉ. प्रीति सिंह बच्चों से बहुत प्रसन्न होती हुई दिखाई दीं। बेटी के जन्म दिवस के अवसर पर बच्चों के लिए पाठ्य सामठी, चॉकलेट, फ्रूटी आदि वितरण कर सेलिब्रेट किया। डॉक्टर दंपति पाठशाला के मैनेजमेंट एवं बच्चों द्वारा शालीनता और अनुशासन से अत्यंत प्रसन्न हुए पाठशाला के लिए स्थाई जमीन हेतु 5100 अनुदान किया और आगे पाठशाला में सहयोग करने के लिए आश्वासन दिया। समिति अध्यक्ष वीरपाल सिंह और संरक्षक प्रेम सिंह अध्यापक ने सभी का धन्यवाद प्रकट किया। इस अवसर पर संदीप कुमार, सौरव कुमार, दीक्षा कुमारी, पूनम कुमारी आदि उपस्थित रहे।

## निर्मल के मेधावियों ने फिर मारी बाजी

**हिंडौन सिटी।** गत दिवस एनटीए की ओर से जारी जेईई मेंस के परीक्षा परिणाम में निर्मल के मेधावियों ने फिर से शानदार सफलता अर्जित कर अपना परचम फहराया है।

निर्मल एजुकेशन ग्रुप के निदेशक मनीष चौधरी व प्रधानाचार्य हेमेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से गत दिवस जेईई मेंस 2025 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। जारी परीक्षा परिणाम में निर्मल आईआईटी एंड मेडिकल एकेडमी के छात्र रविंद्र सिंह पुत्र गिरवर सिंह ने सर्वाधिक 99.57 परसेंटाइल, प्रिंस गोयल पुत्र मनीष गोयल ने 99.04 परसेंटाइल हासिल करके संस्थान एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

वही आशीष चौधरी पुत्र जगत सिंह ने 97.95 परसेंटाइल हासिल करके क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इसी प्रकार हेमेन्द्र सिंह पुत्र बलवीर सिंह 97.72 परसेंटाइल, दिव्यांश मंगल पुत्र राजेश मंगल ने 97. 59 परसेंटाइल और शुभम गुप्ता पुत्र अनिल कुमार गुप्ता ने 95. 07 परसेंटाइल हासिल करके परचम फहराया है और संस्थान का नाम रोशन किया है।

इस दौरान बताया गया है कि जेईई मेंस 2025 की परीक्षा में निर्मल आईआईटी एंड मेडिकल अकादमी के कुल 90 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। जिनमें से 83 परीक्षार्थियों ने यह परीक्षा क्वालीफाई कर ली है।

## सार-समाचार

### मिष्ठान भंडार की दुकान में लगी आग

**नदबई।** कस्बे में आगजनी की घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात शहर के व्यस्त कुम्हेर तिराहे पर स्थित जोधपुर मिष्ठान भंडार में बिजली के तारों में हुए शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण आग लग गई। आग इतनी विकराल थी कि, देखते ही देखते पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। इस घटना से आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, देर रात करीब 12:00 से 12:30 बजे के बीच कुम्हेर रोड पर स्थित जोधपुर मिष्ठान भंडार से अचानक आग की लपटें और धुआं उठने लगा। आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि लपटें दूर से ही दिखाई देने लगीं। आसपास के लोगों ने तुरंत दुकान मालिक जोधपुर निवासी शैतान सिंह को सूचना दी और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। कुछ लोग बाल्टियों में पानी और अन्य साधनों से आग पर काबू पाने की कोशिश में जुट गए, लेकिन आग की लपटें बेकाबू होती चली गईं। घटना की सूचना पुलिस को मिलते ही पुलिस ने नदबई नगर पालिका की दमकल गाड़ी को मौके पर लेकर पहुंची। दमकल कर्मी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि, आग इतनी भयावह थी कि दुकान से विकराल लपटें निकल रही थी। दमकल कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए कड़ी मशक्कत के बाद करीब एक घंटे की मेहनत से आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो चुका था। दुकान मालिक भंवर शैतान सिंह राजपुरोहित ने बताया कि आग के कारण डीप फ्रिज, काउंटर, एलईडी स्क्रीन, सीसीटीवी कैमरा, ओवन, नमकीन, मिठाई और अन्य सामान पूरी तरह नष्ट हो गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, इस आगजनी से लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। इसी तरह बीते 8-10 दिन पहले नगर तिराए पर स्थित एक रेस्टोरेंट में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई थी उसका भी सभी सामान जलकर राख हो गया था। वहीं कुम्हेर रोड स्थित जोधपुर मिष्ठान भंडार के मालिक शैतान सिंह ने बताया कि मिष्ठान भंडार की दुकान उनका मुख्य व्यवसाय था और इस घटना ने उन्हें आर्थिक रूप से गहरा नुकसान हुआ है।

### करौली की डिम्पल कुमारी रही अब्बल

**करौली।** पुलिस स्थापना दिवस पर भरतपुर में आयोजित संभाग स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में करौली अब्बल रही। सीबीईओ सर्वेश कुमार गुप्ता ने बताया कि पुलिस स्थापना दिवस पर पुलिस की कार्य प्रणाली, कानूनों की सामान्य जानकारी से संबंधित क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें सेंट्स जॉन्स स्कूल करौली कि डिप्पल कुमारी प्रथम रही उसने करौली जिले का नाम रोशन किया है, द्वितीय स्थान पर भी संयुक्त रूप से करौली जिले के शिवा एकेडमी सीनियर सैकेंडरी के अहान शुक्ला ,और भरतपुर के छात्र सतीश कुमार एवं रूपसिंह ने प्राप्त किया,महात्मा गांधी स्कूल गणेश गेट करौली अंश कुमार अठावाल ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया है करौली जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय,एडिशनल एसपी गुमनाराम तथा सर्वेश कुमार गुप्ता ने विजेताओं को शुभ कामनाएं दी है।

### गरीबों को खाना खिलाया

**करौली।** हॉकी राजस्थान के अध्यक्ष करौली निवासी अरुण सारस्वत के दोनों पुत्र अंकित और अंशुल सारस्वत कि वैवाहिक वर्षगांठ पर प्रात: यादववाटी गौशाला मे गौमाता को गुड़,आटा एवं घास खिलाया और गौमाता कि सेवा कर आशीर्वाद प्राप्त किया वही दिन मे नई सब्जीमंडी के पीछे संचालित मां अन्नपूर्णा नि:शुल्क भोजनशाला पर सभी जरुरत मंदो को खीर,पूड़ी,सब्जी खाना खिलाया गया इस अवसर पर मां अन्नपूर्णा नि:शुल्क भोजनशाला समिति के बबलू शुक्ला,बाला साहेब, टीकाराम मीणा, पूर्व पार्षद राजेन्द्र सारास्वत,नवीन सारास्वत सहित समिति से जुडे कई लोगों ने दोनों पुत्र व पुत्र वधुओ को शुभकामनाएं दी।

### मंत्री का श्रीमहावीर जी दौरा

**करौली।** राज्य मंत्री गृह, गोपालन, पशुपालन डेयरी एवं मत्स्य विभाग राजस्थान सरकार के निजी सहायक ने बताया कि जिले के प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम आज सोमवार 21 अप्रैल को दोपहर 3:00 बजे रेंडायल श्रीमहावीर जी का दौरा करेंगे उन्होंने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारी हेतु दिशा निर्देश जारी किए हैं।

## पक्षियों की सेवा से मिलता है पुण्य : रिखब चंद मित्तल

**भरतपुर।** माइकल जॉम्स कला केंद्र को 30 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में संस्था द्वारा संचालित जागो उठो सेवा करो संस्थान इकाई द्वारा मोहल्ला गोपालगढ़ स्थित प्रांगण स्थल में रविवार सप्तमी को पक्षियों को घर तथा दाना पानी और 251 परिंडे बांधने का कार्यक्रम रखा गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी रिखब चंद्र मित्तल ने कहा कि पक्षियों की सेवा करने से व्यक्ति के जीवन में सुख समृद्धि और शांति आती है। और पक्षियों को दाना खिलाने से घर में लक्ष्मी का वास होता है। कार्यक्रम के अध्यक्ष गिरीश सिंघल बांके बिहारी मंदिर विकास ट्रस्ट ने कहा कि संस्था कला व खेल के साथ-साथ समाज सेवा में वर्षों से अपना अमूल्य योगदान दे रही है पक्षियों को दाना खिलाने और पानी पिलाने से जीवन में आने वाली बाधाएं कम होती हैं और अज्ञात भय से मुक्ति मिलती है। श्यामसुंदर कटारा प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय परशुराम सेना ने कहा कि मैं माइकल जॉम्स कला केंद्र जागो उठो सेवा करो संस्थान इकाई के सभी सदस्यों द्वारा 251 परिंडे , पक्षियों को घर नियमित दाना पानी का संकल्प लिया है मेरी भी इसमें सहभागिता रहेगी। युवा समाजसेवी भानु प्रताप जादौन श्योराना तथा प्रिंसिपल शेर सिंह सिसोदिया ने कहा कि संस्था के सेवा कार्यों में नियमित सेवा प्रदान कर रहे मास्टर प्रबल कांत , पिंकी रावत आदि यह सब धन्यवाद के पात्र हैं क्योंकि नियमित सेवा करना कठिन कार्य है।

## जलदाय विभाग के कंट्रोल रूम का तहसीलदार दीपा यादव ने किया निरीक्षण

**नदबई।** क्षेत्र में भीषण गर्मी और हीटवेव के लगातार बढ़ते प्रभाव से जनजीवन अस्त-व्यस्त सा हो गया है। तापमान में बढ़ोतरी के साथ ही पानी की मांग भी बढ गई है। लेकिन अभी तक पर्याप्त जल आपूर्ति व्यवस्था नहीं हो पाने से आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में जनसमस्याओं की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार दीपा यादव ने रविवार को जलदाय विभाग के कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ने विभाग द्वारा संचालित शिकायत रजिस्टर का अवलोकन किया।

## "बारात आ गई" नाटक ने दर्शकों को लुभाया

**भरतपुर।** नेट थिएट कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज नाद संस्था द्वारा रंगकर्मी अनिल मारवाड़ी द्वारा निर्देशित इम्प्रोवाइज नाटक "बारात आ गई" ने दर्शकों को भावनाओं के गहरे समंदर में डुबो दिया। यह नाटक न केवल मनोरंजक रहा, बल्कि दर्शकों को मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक संवेदनाओं के मुद्दों पर सोचने को भी मजबूर कर गया।

नेट थिएट के राजेंद्र शर्मा राजू ने बताया कि नाटक की कहानी एक ऐसे पिता की है, जो हर रोज़ अपनी बेटी की बारात के आने की तैयारी में जुटा रहता है। पूरे मोहल्ले में जोर-शोर से व्यवस्था करता है, राह चलते लोगों को काम में लगाने की कोशिश करता है, कभी प्यार से, तो कभी डांटकर। आस-पास के लोग यह मान लेते हैं कि सच में किसी की बेटी की बारात आने वाली है और मदद करने लगते हैं। पर धीरे-धीरे पोल खुलती है - एक बच्चा जब खाने के लिए पूछता है तो वह कहता है कि छत पर हलवाई बैठा है, पर वास्तव में वहां कोई नहीं होता। इसी बीच एक महिला पात्र पूरे नाटक के दौरान यह बताने की कोशिश करती है कि यह सब उस व्यक्ति की कल्पना है। सच यह है कि उसकी बेटी वर्षों पहले शादी के दिन बिना बताए चली गई थी, और उसी सदमे में वह मानसिक रूप से असंतुलित हो गया।


BANASTHALI VIDYAPITH
(Notified as Deemed to be University Under Section 3 of the UGC Act)
University for women: University with a difference





Banasthali Vidyapith, the world's largest fully residential university for women is NAAC 'A++', the second highest ranked women's university in the world having more than 15000 students on its 850-acre campus situated amidst rural setting in Rajasthan, having a distinct educational ideology and offering a variety of programmes from nursery up to doctoral level across a wide spectrum of disciplines to prepare enlightened citizens with strong value-base.

Programmes offered

ENGINEERING & TECHNOLOGY
B.Tech.* (Comp. Sc.& Engg./Comp. Sc.-Artificial Intelligence/Electronics & Comm./ Electronics & Instru./Electrical & Electronics/Mechatronics/ IT/Biotech./Chemical Engg./Electronics Engg.-VLSI Design and Technology)
M.Tech. Integrated* (Comp. Sc./Mechatronics)*
M.Tech. (Artificial Intelligence)
M.Tech. (Computer Science/IT)
M.Tech. (Robotics & Automation)
M.Tech. (VLSI Design)
M.Tech. (Remote Sensing)
M.Tech. (Biotechnology)
M.Tech. (Chemical Engineering)
Three Year Diploma (Electronics & Instru./ Electrical & Electronics/Mechatronics )*

MATHEMATICAL & PHYSICAL SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Phy./Chem./Maths/Comp.Sc./Elect./Stats)
BCA/BCA Hons./BCA Hons. with Research$
B.Sc. (Data Science)/B.Sc. (Data Science) Hons.
M.Sc. (Computer Science)
M.Sc. (Data Science) | M.Sc. (Electronics)
M.Sc. (Mathematics/Statistics/Operations Research)
M.Sc. (Physics)
MCA/PGDCA

ARCHITECTURE & PLANNING
B.Arch.+

LAW
B.A./BBA/B.Com. LL.B. (Integrated)
LL.M.* (Constitution Law/Criminal Laws & Forensics)

LIFE SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Chemistry, Zoology, Botany & Microbiology)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Biotechnology)
B.Pharm.*
M.Pharm. (Pharmaceutical Chemistry, Pharmaceutics, Pharmacology)
M.Sc. (Chemistry) | M.Sc. (Microbiology)
M.Sc. (Botany) | M.Sc. (Zoology)
M.Sc. (Biotechnology) | M.Sc. (Bioinformatics)
M.Sc. (Applied Microbiology & Biotechnology)

EARTH SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Geology/Geography)
M.Sc. (Geography) | M.Sc. (Geology)
M.Sc. (Environmental Science)

MANAGEMENT STUDIES
B.Com./B.Com. Hons./B.Com. Hons. with Research$
BBA/BBA Hons./BBA Hons. with Research$
MBA (Integrated) | BSW | M.Com.
MBA* (Business Analytics/Entrepreneurship/HR/ Finance/Marketing/Aviation/Public Policy/Banking and Finance Management)

FINE ARTS
M.A. Music (Vocal/Instru.), Dance (Kathak/Bharatnatyam), Dramatic Art (Theatre), Drawing and Painting

AVIATION
B.Sc./B.Sc. Hons. (Aviation Science)

DESIGN
B.Des. (Fashion & Lifestyle Design/Communication Design/Industrial Design)
M.A. (Textile Designing) | M.Des.

JOURNALISM & MASS COMMUNICATION
B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$ (Journalism and Mass Communication)
M.A. (Journalism and Mass Communication)

HUMANITIES & SOCIAL SCIENCES
B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$ (Hindi, Sanskrit, English, Sociology, History, Maths, Statistics, Applied Statistics, Political Sc., Public Adm., Economics, Management, Music, Dance, Drama & Theatre Art, French, Drawing & Painting, Home Science, Textile Designing, Computer Application, Geography, Psychology, German)
M.A. (Economics, History, Sociology, Political Sc., Psychology, Geography, Mathematics, Statistics, Operations Research, Hindi, English & Sanskrit)
Master of Social Work

EDUCATION
B.A.B.Ed.*/B.Sc.B.Ed.* (Secondary/Middle)#, B.Ed., M.Ed.

HOME SCIENCE
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Home Science)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Home Science) Food Science & Nutrition
M.Sc. (Home Science) (Human Development/Food Science & Nutrition/Clothing & Textile)

NURSING
B.Sc. Nursing*

*Admission to this course shall be based on all India merit-cum-aptitude test.
One year PG Programmes available for 4 years Hons./Hons. with Research Graduates.
Foreign/NRI Admissions : A limited number of seats are available for direct admission of Foreign/NRI students in select courses.
Ph.D. : Visit the University website for further details of Ph.D. in all Subjects mentioned above.

$Lateral entry also available
For queries related to lateral entry call: +91-8946925269

Toll Free 1800-270-5855

Admission 2025-26
Scan to explore for detailed information

+JEE-2 & NATA qualified
#Subject to approval
LAST DATE FOR APPLICATION 30 April, 2025

SCHOOL EDUCATION DIVISION
New admissions shall be made only to classes VI*, IX* & XI Arts/Science(Maths/Bio)/Commerce.
For admission enquiry: +91-9116624101, +91-9352878388
Email: school_admissions@banasthali.in

Enquiries can be made at
• For general enquiry: +91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866
• For UG/PG Admissions:
+91-9116624102 (Engineering & Technology)
+91-9116624103 (Mathematical & Physical Sciences)
+91-9116624104 (Life Science, Aviation, Earth Sc.)
+91-9116624105 (Law & Management Studies)
+91-9352879847 (Humanities, Social Sc., Home Sc.)
+91-9352803156 (Design, Architecture, Fine Arts, Education & Nursing)
Email: ug_admissions@banasthali.in; pg_admissions@banasthali.in

How to Apply
For each programme a separate application is required through either:
Option 1 : Online submission of application at the University's website: http://www.banasthali.org or
Option 2 : Send a DD for Pre-application fee of Rs. 1000/- in favour of "Banasthali Vidyapith" Payable at Banasthali/Jaipur to: Secretary-Banasthali Vidyapith, P.O. Banasthali Vidyapith-304022 (Raj.)
Scan to explore

Scholarships
The Vidyapith provides financial support to the needy students in the form of merit-cum-need scholarships. It also encourages meritorious students by awarding them merit scholarships.

BANASTHALI VIDYAPITH
P.O. Banasthali Vidyapith (Raj.) 304022 • Phone : +91-1438228384, +91-1438228990
Mob.: +91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866 • Email : admissions@banasthali.in
Visit us at http://www.banasthali.org
Connect with us on www.facebook.com/banasthali.org
Connect with us on www.instagram.com/banasthali_vidyapith_official

NAAC 'A++' 3.63
THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2025
nirf All India Rank
QS UNIVERSITY RANKINGS ASIA